# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## अतारांकित प्रश्न

## 26 फ़रवरी, 2026

----

**कुल प्रश्न - 23**

----

### नाले का निर्माण करना

89 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या चरखी दादरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में बाढ़ के पानी की निकासी के लिए लोहारू नहर तथा बधवाना रजवाहा के साथ-साथ एक नाले का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

### खेल स्टेडियमों को अपग्रेड करना

90 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या चरखी दादरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में स्थित खेल स्टेडियमों को अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को समायोजित करने के लिए अपग्रेड करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

### हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या

91 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या श्रम मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) उन अभ्यर्थियों की जिले-वार तथा वर्ष-वार संख्या कितनी है जिन्होंने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एच .के .आर. एन.) पोर्टल पर पंजीकरण किया तथा वर्ष 2021 से 2025 तक उक्त पोर्टल के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या है;

ख) राज्य में उन कर्मचारियों की माह-वार संख्या कितनी है जिन्हें हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी (सेवा की सुनिश्चिता) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत, उक्त अधिनियम के लागू होने के पश्चात् सेवा की सुनिश्चिता प्राप्त हुई है;

ग) वर्ष 2021 से हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों की विभाग-वार, जिला-वार तथा माह-वार संख्या कितनी है?

----

## ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति का ब्यौरा

92 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) जनवरी, 2019 से राज्य में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति के औसत घंटों का जिले-वार, माह-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) जनवरी, 2019 से राज्य में बिजली कटौती के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जिले-वार संख्या कितनी हैं तथा उनके समाधान करने का औसत समय कितना है; तथा

(ग) वर्ष 2019 से राज्य में दर्ज किए गए संचरण तथा वितरण नुकसान का वर्ष-वार तथा डिस्कॉम-वार (उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम) ब्यौरा क्या है?

----

## मंडी का निर्माण करना

93 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि करनाल में गुड मंडी/दाल मंडी /मसाला मंडी तथा चारा मंडी के निर्माण के लिए सरकार द्वारा 16 जुलाई, 2025 को एक अधिसूचना जारी की गई थी; तथा

ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त अधिसूचना के जारी होने के बावजूद, उपरोक्त मंडी का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा उपरोक्त मंडी का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## फार्मा पार्क का निर्माण करना

94 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि करनाल में एक हजार एकड़ के क्षेत्रफल में एक फार्मा पार्क की स्थापना के लिए सरकार द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई थी;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त फार्मा पार्क के निर्माण या स्थापना के लिए सरकार द्वारा अब तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है; तथा

ग) यदि हां, तो उक्त फार्मा पार्क की स्थापना के लिए सरकार द्वारा क्या प्रावधान किए गए हैं तथा इसकी स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## आधुनिक विश्राम गृह का पुनर्निर्माण करना

95 **श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव रिंढाणा में हांसी-बुटाना ब्रांच से निकलने वाले हैड, जहां से काहनौर ब्रांच तथा भिवानी ब्रांच निकलती है, पर लगभग 14 एकड़ विभागीय वन भूमि स्थित है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि पूर्व में इस स्थान पर एक विभागीय विश्राम गृह स्थित था; यदि हाँ, तो क्या इस स्थान पर प्रशासनिक तथा जन उपयोग के लिए एक आधुनिक विश्राम गृह का पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

ग) क्या अतिक्रमण रोकने तथा राजस्व सृजन के लिए इस 14 एकड़ भूमि को स्थानीय किसानों को कृषि या बाग़वानी के उद्देश्य से पट्टे पर देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रस्ताव के कब तक लागू किए जाने की संभावना है; तथा

घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

----

## मारकंडा नदी पर एक सेतुक (कॉज-वे) का निर्माण करना

96 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या सिचाईं एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गाँव हरयोली तथा गाँव तंदवाल के बीच मारकण्डा नदी पर एक सेतुक (कॉज-वे) बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त सेतुक (कॉज-वे) का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## दो औद्योगिक नीतियों के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य

97 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि निवेशों तथा रोज़गार सृजन के संबंध में राज्य की गत दो औद्योगिक नीतियां, जिनका अपना-अपना कार्यकाल पूरा हो चुका है, के अंतर्गत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है तथा इन लक्ष्यों को किस हद तक पूरा किया गया है?

----

## सेवानिवृत कर्मचारियों के पेंशन पेमेंट आर्डर के साथ आधार कार्ड जोड़ना

98 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) 31 दिसम्बर, 2025 के अनुसार राज्य में पेंशन लेने वाले हरियाणा सरकार सेवानिवृत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है;

ख) ऐसे सेवानिवृत कर्मचारियों की संख्या कितनी है जिनके आधार कार्ड उनके पेंशन पेमेंट आर्डर ( पी.पी. ओ.) के साथ जोड़े गए हैं; तथा

ग) शेष सेवानिवृत कर्मचारियों के आधार के साथ पेंशन पेमेंट आर्डरों को जोड़ने का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## मुख्यमंत्री घोषणाओं की संख्या

99 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) वित्त वर्ष 2014-15 से अब तक समालखा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कुल कितनी घोषणाएं की गई हैं तथा इनमे से कितनी घोषणाओं पर कार्य

शुरू हो चुका है; तथा

ख) उन घोषणाओं की संख्या कितनी है जिन पर अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है तथा उनके क्या कारण हैं ?

----

## ऑनलाइन पोर्टल पर फसल के नुकसान के पंजीकरण में अनियमितताएँ

100 **श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद)**:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2025 के दौरान हिसार जिले में अत्यधिक जलभराव के कारण हज़ारों किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है तथा जब उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल पर फसल के नुकसान (खराबा) को पंजीकरण करने की कोशिश की, तो उनके ज़मीन के रिकॉर्ड पहले से ही पलवल, फरीदाबाद तथा नूंह जिलों के किसानों के नाम पर पंजीकृत पाए गए थे;

ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है; तथा

ग) क्या इन अनियमितताओं में कोई कर्मचारी या संगठित समूह/गिरोह की संलिप्तता पाई गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुराने पुलिस स्टेशन के भवन को "असुरक्षित" या "खंडहर" घोषित करना

101 **श्री विकास सहारण (कलायत)**:

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-.

क) क्या यह तथ्य है कि कैथल जिले के राजौंद कस्बे के बीच में स्थित पुराने पुलिस स्टेशन का भवन पिछले 15 वर्षो से पूरी तरह से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि 4 फीट तक पानी भरा रहने के कारण, यह भवन मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल, जहरीले सांपों तथा आवारा बंदरों का ठिकाना बन गया है, जिससे आस पास के रिहायशी क्षेत्रों के निवासियों को जान-माल का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है;

ग) क्या उपरोक्त भवन को "असुरक्षित" या "खंडहर" घोषित करने तथा इस ढांचे को ध्वस्त करने, मलबा हटाने तथा इस भूमि को जन उपयोग जैसे- सामुदायिक केंद्र (बारात घर) या किसी अन्य जन कल्याण परियोजना के लिए पुनः उपयोग करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

घ) यदि हां, तो उपरोक्त के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; तथा

ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

----

## डहीना को उप-मंडल के रूप घोषित करना

102 **श्री अनिल यादव ( कोसली):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या कोसली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में डहीना गाँव को उप-मंडल के रूप घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## तालाबों का जीर्णोद्धार करने तथा वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए योजना

103 **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि साढ़ौरा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में तालाबों के जीर्णोद्धार तथा वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान में अधीन कार्यान्वित सरकार की योजनाओं/परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

----

## खेल गतिविधियों के लिए आवंटित राशि

104 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) वर्ष 2023 से अब तक राज्य में खेल गतिविधियों के लिए सरकार द्वारा आवंटित निधि की कुल राशि कितनी है तथा उसका ज़िला-वार ब्यौरा क्या है;

ख) उपरोक्त आवंटित बजट में से वास्तविक रूप में कुल कितनी राशि का उपयोग किया गया है तथा उसका ज़िला-वार ब्यौरा क्या है; तथा

ग) आज तक हर जिले के पास शेष अनुपयोग बकाया राशि का ब्यौरा क्या है तथा इन निधियों का उपयोग न होने के क्या कारण हैं?

----

## चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों तथा पैरामेडिकल अमलें के रिक्त पदों को भरना

105 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एव अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) मेवात क्षेत्र के निवासियों को सेवा प्रदान करने के लिए, शहीद हसन खान मेवाती (एस.एच.के.एम.) राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हड़ में प्रस्तावित कैथ लैब तथा ट्रॉमा सेंटर के कब तक पूरी तरह से चालू किए जाने की संभावना है;

ख) उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय में सरकार द्वारा नियोजित अन्य सुपर-स्पेशलिटी विभाग (जैसे कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी तथा ऑन्कोलॉजी) का ब्यौरा क्या है तथा उनके संरचनात्मक विकास की वर्तमान स्थिति क्या है;

ग) क्या सरकार नूंह जिले में कैंसर के मामलों की खतरनाक बढ़ोतरी से अवगत है; यदि हां, तो क्या नूंह जिले में एक विशेषीकृत घर-घर जाकर कैंसर जाँच कार्यक्रम शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

घ) उपरोक्त चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकों(संकाय), स्टाफ नर्सों तथा पैरामेडिकल अमले के लिए कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा वर्तमान में रिक्त पड़े पदों की श्रेणीवार संख्या कितनी है तथा इन रिक्तियों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## सड़कों का पुनर्निर्माण करना

106 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक)**:

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि: -

क) क्या यह तथ्य है कि इंदिरा मार्केट, रोहतक में पुराने राजकीय विद्यालय से पुरानी सब्जी मंडी तक जाने वाली सड़क, जिसे आमतौर पर "गंदी गली" के नाम से जाना जाता है, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; तथा

ख) यदि हाँ, तो उक्त सड़क के पुनर्निर्माण के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि प्रस्तावित/ आवंटित की गई है तथा उपरोक्त सड़क का पुनर्निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय का दर्जा बढ़ाना

107 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू)**:

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या लोहारू विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गोकलपुर में राजकीय उच्च विद्यालय का दर्जा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालय का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है?

----

## अंबेडकर भवन में शौचालय का निर्माण करना

108 **श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या गांव बहल के वार्ड नंबर-17 में अंबेडकर भवन /चौपाल में शौचालय का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख)यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## वन स्टॉप सेंटरों की संख्या

109 **श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में वर्तमान में कार्यरत वन स्टॉप सेंटरों की संख्या कितनी है तथा इनका जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन वन स्टॉप सेंटरों के लिए स्वीकृत अमला कितना है तथा इनमें कार्यरत महिला कर्मचारियों को दिए जाने वाला वेतन (वेतनमान) क्या हैं; तथा

(ग) इन वन स्टॉप सेंटरों पर निपटाए जा रहे मामलों की श्रेणीवार संख्या तथा प्रकृति क्या है तथा इसका जिला-वार ब्यौरा क्या है?

----

## कन्या विद्यालय का नाम माता सावित्री बाई फूले कन्या विद्यालय रखना

110 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या भिवानी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सेक्टर-13 मोड़ पर स्थित कन्या विद्यालय का नाम "माता सावित्रीबाई फूले कन्या विद्यालय" रखने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## मार्केट में पूरी पॉकेट को पक्का करना

111 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी के सेक्टर-26 में नये बस स्टैंड से आगे मार्केट क्षेत्र के सामने पूरी पॉकेट को पक्का (आर.सी.सी.) करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----